

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.sandhyajyotidarpan.com

वर्ष 36 | अंक 292 | जयपुर, बुधवार, 2 अक्टूबर, 2024 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य: 2 रु.

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥

उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां, कोटा, बीकानेर, सवाईमाधोपुर, टोंक, सीकर, झुंझुनूं, दौसा, अजमेर, रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, लक्ष्मणगढ़, चौमूं व कुचामनसिटी में प्रसारित।




पेज-5 भारत ने बांग्लादेश को...



वर्कप्लेस स्ट्रेस का सेहत पर... पेज-6

## पुलिस वाहन से भिड़ी कार

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** राजधानी जयपुर में बजाज नगर मोड़ के पास बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे हादसा हुआ। एक पुलिस की जीप और स्वीफ्ट कार में टक्कर हुई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं पुलिस की जीप भी पीछे से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद पुलिसकर्मियों ने बोलेरो जीप को साइड में लगाया। इसके बाद चालक ने अपनी कार को सड़क किनारे साइड में लगाया। इधर पुलिसकर्मी बगैर कुछ कार्रवाई किए चुपचाप अपनी बोलेरो को लेकर मौके से रवाना हो गए। कार चालक दारासिंह ने बताया कि वह कार लेकर बजाज नगर थाने की तरफ से बजाज नगर मोड की ओर आ रहा था। वह नॉर्मल स्पीड में कार चला रहा था। तभी जेकेके के पीछे एक गली में से पुलिस की जीप तेज रफ्तार में बाहर आई जिससे दोनों वाहनों में टक्कर हो गई।

# कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी

### ■ जयपुर सहित कई स्टेशनों पर मचा हड़कंप ■ जांच में कुछ नहीं मिला

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** राज्य के कई रेलवे स्टेशनों पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्रदेश के कई बड़े रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस धमकी के बाद तुरंत सुरक्षा एजेंसियों में भी हड़कंप मच गया। इस धमकी की शुरुआत पंजाब और पाकिस्तान सीमा से सटे हनुमानगढ़ जिले से हुई।



जहां हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन सहित राज्य के कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। हनुमानगढ़ जंक्शन स्टेशन अधीक्षक को एक अज्ञात व्यक्ति एक पत्र पकड़ा गया जिसको स्टेशन अधीक्षक ने खोलकर पढ़ा तो उसमें जैश ए मोहम्मद के नाम से राजस्थान के कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई।

### जांच में कुछ नहीं मिला

**चिट्ठी में हनुमानगढ़ जंक्शन सहित राज्य के श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा, बूंदी, उदयपुर, जयपुर आदि रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी की बात लिखी थी। रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और बीएसएफ जवानों ने जीआरपी और आरपीएफ पुलिस के साथ जंक्शन स्टेशन की तलाशी ली मगर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।**

### जीआरपी थाने में मामला दर्ज

**दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल मीना जंक्शन स्टेशन पर पहुंचे और जीआरपी और आरपीएफ पुलिस के साथ जंक्शन थाना के जवानों को रेलवे स्टेशन पर तैनात किया। दूसरी तरफ इस संबंध में जीआरपी थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।**

## हड़ताली चिकित्सक आज निकालेंगे मार्च

**कोलकाता, 2 अक्टूबर (एजेन्सी)।** कोलकाता के आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टर बुधवार को फिर से मार्च निकालेंगे। ये मार्च कोलकाता में कॉलेज स्क्वायर से धर्मतला तक निकाला जाएगा। जूनियर डॉक्टरों ने 1 अक्टूबर को फिर से हड़ताल शुरु कर दी है। राज्य सरकार पर दबाव बनाने के लिए पूरी तरह काम बंद कर दिया है। डॉक्टरों की मांग है कि उन्हें पूरी तरह सुरक्षा दी जाए। इससे पहले जूनियर डॉक्टर 10 अगस्त से लेकर 42 दिन तक विरोध प्रदर्शन करते रहे। 21 सितंबर को सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी पर वापस आए थे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों की सुरक्षा में कोताही पर ममता सरकार की खिंचाई की और आदेश दिया कि सभी अस्पतालों में 15 दिन में सीसीटीवी लगाए जाएं। 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर डॉक्टर से रेप मर्डर के विरोध में हड़ताल कर रहे थे।

# आईएएस विजय के ठिकानों पर एसीबी के छापे

### जयपुर, कोटा और दौसा में चल रही है जांच



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** राज्य एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने कोटा के संभागीय आयुक्त राजेन्द्र विजय के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। अधिकारियों को आय से अधिक संपत्ति रखने की शिकायतें मिली थीं जिसके बाद एसीबी ने उनके खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाई। विजय, जिनकी तैनाती हाल ही में कोटा में हुई थी, पर दौसा, जयपुर और कोटा में उनके चार ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। आज सुबह करीब साढ़े 6 बजे से एसीबी ने विभिन्न ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एसीबी मुख्यालय से इस कार्रवाई की मॉनिटरिंग की जा रही है और अधिकारियों को फील्ड में निर्देश दिए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि विजय के कई ठिकानों पर मौजूद संपत्तियों की जांच की जाएगी, जिसमें उनकी जयपुर स्थित महल जैसे बंगले और दौसा में उनके पैतृक निवास शामिल हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनके बंगले के पास एक खाली प्लॉट भी है, जो उनकी संपत्ति को लेकर सवाल खड़े करता है।

### लंबा है प्रशासनिक कैरियर

विजय का प्रशासनिक करियर काफी लंबा रहा है, जिसमें उन्होंने कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है। उनका कार्यक्षेत्र जयपुर, टोंक, चूरू, गंगानगर और भरतपुर रहा है। हाल ही में, उन्हें भजन लाल सरकार द्वारा कोटा का संभागीय आयुक्त नियुक्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि विजय 2005 और 2008 में दो बार एपीओ भी रह चुके हैं। अब एसीबी की जांच ने उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाए हैं। वे कुछ ही साल पहले आरएएस से प्रमोट होकर आईएएस बने हैं। उन्हें 2010 का बैच मिला था। पहली बार बारां जिला कलेक्टर लगे थे।

# फिर जेल से बाहर आया राम रहीम

### बलात्कार और हत्या का दोषी है कथित संत



**चंडीगढ़, 2 अक्टूबर (एजेन्सी)।** हरियाणा सरकार ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 20 दिन की पैरोल दे दी है। बुधवार सुबह 6 बजे राम रहीम को भारी सुरक्षा के बीच जेल से बाहर निकल गया है। रोहतक जेल से राम रहीम बरनावा आश्रम गए हैं। यह आश्रम उत्तर प्रदेश के बागपत में है।

गुरमीत राम रहीम ने 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले 20 दिन की पैरोल देने की अर्जी दी थी। पैरोल की शर्तों के अनुसार डेरा प्रमुख किसी भी चुनाव संबंधी गतिविधि में भाग नहीं लेगा और इस अवधि के दौरान हरियाणा से बाहर रहेगा। इसके अलावा दोषी की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जानी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वह चुनाव संबंधी किसी गतिविधि में शामिल न हो।

### इन मामलों में सजा काट रहा है राम रहीम

कोर्ट ने राम रहीम को 2017 में अपनी दो शिष्याओं के साथ बलात्कार का दोषी करार देते हुए 20 साल कारावास की सजा सुनाई थी। डेरा प्रमुख और तीन अन्य को 16 साल से अधिक समय पहले एक पत्रकार की हत्या के लिए भी 2019 में दोषी ठहराया गया था।

### राम रहीम को कब-कब मिली पैरोल

- 24 अक्टूबर 2020-पहली बार अस्पताल में भर्ती मां से मिलने के लिए 1 दिन की पैरोल मिली
- 21 मई 2021- मां से मिलने के लिए 12 घंटे की पैरोल दी गई
- 7 फरवरी 2022-परिवार से मिलने के लिए 21 दिन की फरलो मिली
- जून 2022-30 दिन की पैरोल मिली
- 14 अक्टूबर 2022-40 दिन की लिए पैरोल दी गई
- 21 जनवरी 2023-40 दिन की पैरोल मिली
- 20 जुलाई 2023-30 दिन की पैरोल
- 21 नवंबर 2023- 21 दिन की फरलो लेकर बागपत आश्रम गया
- जनवरी 2024-50 दिन की पैरोल।

# जयपुर के जेके लोन और जनाना हॉस्पिटल में बिगड़ रहे हालात

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** जयपुर के प्रमुख बड़े सरकारी हॉस्पिटलों में इन दिनों स्टाफ की कमी से व्यवस्थाएं बिगड़ रही है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल में तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण आए दिन सैंपल गुम होने, जांच रिपोर्ट ठीक नहीं आने और मरीजों को जांच के लिए लम्बा इंतजार करने की शिकायतें आ रही है। वहीं इन हॉस्पिटल में अब उच्च लेवल पर बैठे अधिकारी भी नई भर्ती करने से डर रहे है। इसके पीछे कारण सिफारिशों का अंबार है।

एसएमएस हॉस्पिटल, जे.के. लोन, जनाना समेत अन्य हॉस्पिटल में नियमित स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए कॉन्ट्रेक्ट पर भर्ती होती है। लेकिन जे.के. लोन और जनाना हॉस्पिटल में इन दिनों कॉन्ट्रेक्ट पर भी पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध नहीं हो पा रहा। ऐसा इसलिए कि क्योंकि इन भर्ती में राजनेताओं और ब्यूरोक्रेट्स की सिफारिश का जबरदस्त दबाव है। विधायक, मंत्री से लेकर हर स्तर के नेता और ब्यूरोक्रेट्स अपने चहेतों को नौकरी लगवाना चाहते है।

इस कारण जे.के. लोन और जनाना हॉस्पिटल दोनों में मिलाकर 25 से ज्यादा स्टाफ की भर्ती का मामला हॉस्पिटल के स्तर पर ही रूका पड़ा है। यहां के अधीक्षक और अन्य प्रशासन के अधिकारी निर्णय ही नहीं कर पा रहे है। इसका खामियाजा यहां मरीजों और स्टाफ को भुगतना पड़ रहा है। मरीजों की जांचे, रिपोर्ट समेत इलाज प्रभावित हो रहे है।

## सूर्य ग्रहण आज पर भारत में नहीं दिखेगा

**नई दिल्ली, 2 अक्टूबर (एजेन्सी)।** सूर्य ग्रहण बुधवार (2 अक्टूबर) को लगेगा, जोकि इस साल का दूसरा और अंतिम ग्रहण होगा। हालांकि इसे भारत में नहीं देखा जा सकेगा। भारत में दृश्यमान न होने के कारण यहां ग्रहण का सूतक भी मान्य नहीं होगा। बता दें कि सूर्य ग्रहण से 12 घंटे पूर्व ही सूतक लग जाता है और धार्मिक कार्यों पर प्रतिबंध लग जाते हैं। भारतीय समयानुसार सूर्य ग्रहण 2 अक्टूबर 2024 को रात 9 बजकर 13 मिनट पर लगेगा और देर रात 3 बजकर 17 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। इस समय भारत में रात रहेगी इसलिए यह ग्रहण भारत में दिखाई नही देगा। हालांकि अन्य कई देशों में ग्रहण को देखा जा सकेगा।

# भजनलाल सरकार का महिलाओं को तोहफा

### पुलिस में सीधी भर्ती में 33 फीसदी आरक्षण

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने महिला आरक्षण को लेकर बड़ा फैसला किया है। दिवाली से ठीक पहले राजस्थान सरकार ने महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने महिला आरक्षण को लेकर संशोधन किया है जिसका लाभ पुलिस विभाग में सीधी भर्ती में महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा। इसे लेकर सरकार की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है। आदेशानुसार राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम-1989 में संशोधन करते हुए सीधी भर्ती में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया है। यह संशोधन संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत किया गया है. इन नियमों को राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा (संशोधन) नियम, 2024 कहा जा सकता है।



### क्या है संशोधित नियम

**संशोधित नियम में कहा गया है कि नियम 7बी के तहत महिला के लिए सीधी भर्ती में रिक्तियों का आरक्षण कैटगरी वाइज 33 प्रतिशत होगा। इसमें एक तिहाई विधवाओं और तलाकशुदा महिला उम्मीदवारों के लिए 80-20 के अनुपात में रिक्त स्थान होगा। किसी विशेष वर्ष में विधवा या तलाकशुदा, पात्र और उपयुक्त उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की स्थिति में, रिक्तियों को पहले इंटरचेंज, टीई, विधवाओं से तलाकशुदा या इसके विपरीत के लिए आरक्षित रिक्तियों से भरा जा सकता है। पर्याप्त विधवा और तलाकशुदा उम्मीदवारों की उपलब्धता, अप्राप्त रिक्तियां उसी श्रेणी की अन्य महिलाओं द्वारा भरी जाएंगी और योग्य और उपयुक्त महिला उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की स्थिति में, उनके लिए आरक्षित रिक्तियां पुरुष उम्मीदवार द्वारा भरी जाएंगी। वह श्रेणी जिसके लिए रिक्ति आरक्षित है, महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्ति को अगले वर्ष के लिए आगे नहीं बढ़ाया जाएगा, जिसमें विधवा और तलाकशुदा महिलाएं भी शामिल हैं। यहां तक कि श्रेणी की सामान्य योग्यता में चयनित महिलाओं को भी पहले महिला कोटे में समायोजित किया जाएगा।**

## जेके में भाजपा प्रत्याशी का निधन

**जम्मू, 2 अक्टूबर (एजेन्सी)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री और सुरनकोट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के उम्मीदवार मुश्ताक अहमद शाह बुखारी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। बुखारी 75 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। बुखारी कुछ समय से अस्वस्थ थे और बुधवार को पुंछ जिले में उन्हें अपने आवास पर सुबह करीब सात बजे दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मौत हो गई। सुरनकोट से दो बार के विधायक रह चुके बुखारी इस साल फरवरी में बीजेपी में शामिल हुए थे, जब केंद्र ने उनके पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया था। उन्हें सुरनकोट से चुनाव मैदान में उतारा गया था, जहां 25 सितंबर को दूसरे चरण में 25 अन्य क्षेत्रों के साथ मतदान हुआ था। ऐसे में बुखारी की जीत की स्थिति में ही सुरनकोट में चुनाव हो सकते हैं।

## कार रोकी और फिर लगा दी समुद्र में छलांग

**मुंबई, 2 अक्टूबर (एजेन्सी)।** मुंबई के ट्रांस-हार्बर अटल सेतु पुल से बुधवार को छलांग लगाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है। पिछले 4 दिनों में आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि फिलिप शाह नामक के एक व्यक्ति ने अटल सेतु पर पहले अपनी कार रोकी, फिर छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। फिलिप मुंबई के माटुंगा इलाके का रहने वाला था। सर्च ऑपरेशन जारी है, अभी तक शव नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस भी मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

## डेनमार्क में इजरायली दूतावास के पास धमाका

**कोपेनहेगन, 2 अक्टूबर (एजेन्सी)।** डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के पास दो बम धमाकों से हड़कंप मच गया। मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके की घेरेबंदी भी की गई है। पुलिस ने कहा कि धमाकों की जांच शुरू कर दी है। अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। घटना पर अभी इजरायल ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# हेलीकॉप्टर क्रैश, दो पायलट सहित तीन की मौत



**पुणे, 2 अक्टूबर (एजेन्सी)।** पुणे में हेलीकॉप्टर बुधवार सवेरे क्रैश हो गया। बावधन बुद्रुक गांव के पास हुए इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है। ग्रामीणों ने हिंजेवाडी पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस और मेडिकल टीम रवाना कर दी गई है। डीजीसीए के मुताबिक हेरिटेज एविएशन का वीटी-ईवीवी पंजीकरण वाला अगस्ता 109 हेलीकॉप्टर पुणे के ऑक्सफोर्ड हेलीपैड से लगभग 20 एनएम की दूरी पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। डीजीसीए ने बताया कि हेलीकॉप्टर में दो पायलट और एक एएमई सवार थे जबकि कोई यात्री नहीं था। हेलीकॉप्टर पर चालक दल के सभी तीन सदस्य की मौत की सूचना है। पायलट कैप्टन पिल्लई और कैप्टन परमजीत थे। पुणे की पिंपरी चिंचवड़ पुलिस के मुताबिक, हेलिकॉप्टर ने ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के हेलीपैड से टेक ऑफ किया था। उड़ान भरने के करीब 10 मिनट बाद 1.5 किमी दूर जाकर हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसा पहाड़ी इलाके पर हुआ। वहां सुबह के समय घना कोहरा था। आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंच गई हैं और बचाव कार्य जारी है। हिंजवडी पुलिस स्टेशन (पिंपरी चिंचवड़ पुलिस) और विमानन अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं. सूचना के मुताबिक हेलीकॉप्टर के मेंटेनेंस का काम चल रहा रहा था।

### 40 दिनों के भीतर दूसरी घटना

पुणे में 40 दिनों के भीतर यह दूसरी घटना है। इससे पहले 24 अगस्त को पुणे के पौड इलाके में एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। यह हेलिकॉप्टर मुंबई से हैदराबाद जा रहा था। इसमें पायलट और तीन यात्री सवार थे। हादसे में पायलट जख्मी हुआ था। बाकी तीनों लोगों को ज्यादा चोट नहीं आई थीं। यह हेलिकॉप्टर मुंबई की ग्लोबल वेक्ट्रा हेलिकॉर्प कंपनी का था। आशंका जताई गई कि हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी की वजह से क्रैश हुआ।

# अब जगह और समय हम चुनेंगे

## इजरायल ने कहा, ईरान ने बहुत बड़ी गलती की

**दिल्ली, 2 अक्टूबर (एजेन्सी)।** ईरान ने मंगलवार रात इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार कर शायद बहुत बड़ी गलती कर दी। मुख्य रूप से सैन्य और सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर करीब 180 बैलिस्टक मिसाइलें दागी गई जिसके बाद इजरायल का गुस्सा सातवें आसमान पर है। उसने ईरान को साफ-साफ अंजाम भुगतने की चेतावनी दे डाली है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि मिसाइलें दागकर ईरान मे बहुत बड़ी गलती की है। इसकी कीमत ईरान को चुकानी पड़ेगी। सेना ने भी कह दिया है कि समय और जगह हम चुनेंगे। वे ईरान को बख्शने वाली नहीं है। इन हमलों का जवाब जरूर दिया जाएगा। इसके लिए वक्त और जगह वे खुद चुनेंगे।



**ईरान को हमले को जवाब देंगे:** इजरायली सेना ने कहा है कि ईरान का हमला एक गंभीर और खतरनाक है। इसके नतीजे होंगे। इजरायल सरकार के निर्देश के मुताबिक, हम जहां भी, जब भी और जैसे भी चुनेंगे, जवाब देंगे, ये शब्द हैं आईडीएफ प्रवक्ता डेनियल हागरी के। सेना के बयान से एक बात तो साफ है कि इजरायल ईरान को इन हमलों के लिए बख्शने वाला तो नहीं है। वह कब, कहां और कैसे हमले करेगा, ये बात कोई नहीं जानता लेकिन ये पूरी दुनिया समझ गई है कि वह बदले की कार्रवाई तो जरूर करेगा।

## इन्हें पकड़ों जिंदा या मुर्दा, पोस्टर जारी

**दिल्ली, 2 अक्टूबर (एजेन्सी)।** ईरान ने पहले तो इजरायल पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दाग दीं, अब उसके खिलाफ पोस्टर भी जारी कर दिया है। जिस तरह से इजरायल ने हिजबुल्लाह कमांडरों का एक पोस्टर जारी किया था, ठीक उसी तरह से अब ईरानी सरकार ने एक पोस्टर जारी किया है जिसमें टॉप पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का नाम है। इसमें लिखा है कि पूरी सरकार, जिंदा या मुर्दा...ये ईरानी खुफिया मंत्रालय द्वारा वांछित है। ईरान की तरफ से जो पोस्टर जारी किया गया है, उसमें लिखा है कि इजरायल के आतंकवादियों की लिस्ट। इसे ईरान सरकार की तरफ से जारी किया गया है। इस पोस्टर में सबसे ऊपर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की फोटो लगी है। इजरायल के रक्षा मंत्री और फिर चीफ ऑफ जनरल स्टाफ का नाम है। ईरान की तरफ से जारी किए गए पोस्टर में नीचे इजरायल एयरफोर्स के कमांडर, नेवी के कमांडर, ग्राउंड फोर्स के कमांडर, डिप्टी चीफ ऑफ जनरल स्टाफ, हेज ऑफ मिलिस्ट्री इंटेलिजेंस, हेड ऑफ नॉर्दर्न कमांड, हेड ऑफ सेंट्रल कमांड और हेड ऑफ साउथर्न कमांड का नाम और फोटो दी हुई है. इस पोस्टर में टोटल 11 लोगों के नाम और फोटो छपे हैं, इन सभी को ईरान ने अपने पोस्टर में इजरायली आतंकवादी कहा है।

# अवैध जल कनेक्शन करने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

## 5 अक्टूबर से चलेगा अभियान



**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** प्रमुख शासन सचिव, पीएचईडी भास्कर ए सावंत ने कहा कि प्रदेश भर में अवैध कनेक्शन को चिन्हित कर अवैध जल कनेक्शन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु 5 अक्टूबर से अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रभावी एक्शन लिया जाना सुनिश्चित करें एवं अवैध जल कनेक्शन करने वाले उपभोक्ताओं का जल कनेक्शन का नियमितिकरण भी किया जाए।

प्रमुख शासन सचिव मंगलवार को जल भवन में अमृत 2.0, जल जीवन मिशन योजना एवं अवैध जल कनेक्शन की प्रगति के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अमृत 2.0 मिशन के तहत् 183 नगर पालिकाओं में जल आपूर्ति कार्यों हेतु कम तकनीकी स्वीकृति जारी किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि योजना के तहत शेष रही तकनीकी स्वीकृति को शीघ्र जारी किया जाए।

सावंत ने कहा कि पानी की चोरी एवं अवैध कनेक्शन की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कई शहरों में हजारों की संख्या में अवैध जल कनेक्शन चिन्हित हो चुके हैं, उनके अनुपात में अवैध कनेक्शन हटाने की कार्रवाई काफी कम हुई है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राइजिंग मैन लाइन एवं वितरण लाइन से सभी अवैध कनेक्शन को अभियान से पूर्व चिन्हित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन धारक के विरुद्ध पी.डी.पी. एक्ट के तहत एफआईआर भी दर्ज कराई जाए। प्रमुख शासन सचिव ने जयपुर शहर में लंबित पेयजल कनेक्शन का निस्तारण शीघ्र करते हुए अधिशाषी अभियंता स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अधिकारी एवं कार्मिक द्वारा लापरवाही की जाती है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नए जल कनेक्शन के ऑनलाइन आवेदन के पश्चात कनेक्शन होने तक के कार्यों का प्रत्येक स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने एफएचटीसी की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन क्षेत्र स्तर पर की जाए।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की लॉटरी निकाली



**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** राजस्व- उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी मंगलवार को कोटपूतली-बहरोड़ के दौरे पर रहे। उन्होंने वरिष्ठ नागरिक जन तीर्थ यात्रा योजना के तहत चयनितों की लॉटरी निकाली तथा जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय विभागाधिकारियों से केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी मंत्रीविजय सिंह चौधरी की अध्यक्षता में कोटपूतली-बहरोड़ जिले की जिला स्तरीय समिति द्वारा लॉटरी निकाली गई, जिसमें 272 यात्रियों का रेल यात्रा के लिए तथा 54 यात्रियों का हवाई यात्रा के लिए चयन किया गया। इस प्रकार जिले से रेल व हवाई यात्रा के 326 तीर्थ यात्रियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया।

## पुणे में आयोजित विश्व संसद में महेन्द्र मधुप होंगे विशिष्ट वक्ता



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** राजस्थान के वरिष्ठ कृषि पत्रकार डॉ. महेन्द्र मधुप पुणे में दसवीं विश्व संसद में विशिष्ट वक्ता होंगे। विश्व संसद का आयोजन 3 से 5 अक्टूबर तक एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी कर रही है। डॉ. मधुप मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार और मिशन पर्यावरण योद्धा परिवार के फाउंडर के रूप में 4 अक्टूबर को भूमंडलीय ऊष्मीकरण से बचाव और टिकाऊ विकासात्मक लक्ष्यों को पुनः परिभाषित करने के लिए, आमजन की अनुकरणीय कोशिशों को साझा करेंगे।

# राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण हमारा कर्तव्य : गुहा

## डेल्फिक क्लब का उद्घाटन समारोह आयोजित



**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** डेल्फिक काउन्सिल ऑफ राजस्थान ने कला एवं संस्कृति के प्रति युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य के विद्यालयों में स्थापित डेल्फिक क्लब की वार्षिक गतिविधियों का उद्घाटन समारोह भारतीय विद्याभवन विद्याश्रम स्थित प्रताप सभागार में आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने किया। गुहा ने राज्य की कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना और उसे आगे बढ़ाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि डेल्फिक क्लब के माध्यम से आयोजित होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियां इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक लोक संगीत और नृत्य से लेकर बारीक शिल्प और वास्तुकला तक राज्य की समृद्ध विरासत पूरे विश्व में अलग पहचान रखती है। हमारा कर्तव्य है कि हम इन प्राचीन परंपराओं को संरक्षित करें और इन्हें नई ऊंचाइयां देने और वैश्विक पटल पर लाने के लिए नवाचार करें। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना मनीषा पाण्डे गुलियानी द्वारा एक विशेष नृत्य कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इसमें युवा प्रतिभागियों को कथक की बारीकियों और उसकी समृद्ध परंपरा को करीब से जानने और समझने का अवसर मिला।

# विज्ञान मेले का किया आयोजन

**सांध्यज्योति संवाददाता**



**जयपुर, 2 अक्टूबर।** राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान मेले का आयोजन कक्षा ग्यारहवीं की विज्ञान वर्ग की छात्राओं द्वारा किया गया। विज्ञान मेले का उदघाटन विद्यालय प्राचार्य पुखराज आर्य एवं विद्यालय प्रबन्धन समिति के सदस्य एवं अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री गोविन्द नाटाणी द्वारा किया गया। विज्ञान मेले में छात्राओं ने खाद्य, स्वास्थ्य और सुरक्षा, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबन्धन, अपशिष्ट प्रबन्धन, संसाधन प्रबन्धन पर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुखराज आर्य एवं विद्यालय प्रबन्धन समिति के सदस्य एवं अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री गोविन्द नाटाणी के द्वारा एवं विज्ञान मेला प्रबन्धन पार्वती गोयल द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# संविदाकर्मियों ने दी मनीष को श्रद्धांजलि

**सांध्यज्योति संवाददाता**



**जयपुर, 2 अक्टूबर।** पिछले दिनों राजस्थान हाईकोर्ट में आत्महत्या करने वाले संविदाकर्मी मनीष सैनी को संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा राजस्थान की ओर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी और प्रवक्ता रामजीत पटेल ने बताया कि यह सभा सभी विभागों के संविदाकर्मियों के साथ सरकार को चेतावनी है कि समय रहते हुए सरकार संविदाकर्मियों के स्थायीकरण के जो नियम बना रही हैं, वह जल्दी बाहर लाए अन्यथा पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा।

## नवरात्र महोत्सव कल से

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** प्राचीन मन्दिर दुर्गा माता दुर्गापुरा में शारदीय नवरात्र महोत्सव गुरुवार से 12 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। गुरुवार सुबह 7 से 7:15 बजे तक वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ ही अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित कर घट स्थापना ब्रह्म मुहूर्त में होगा, इसके बाद दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। प्रथम दिन शैल पुत्री के रूप में माता की पूजा की जाएगी।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से किया संवाद

**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** संसदीय कार्य कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मंगलवार को जोधपुर जिले के लूणी, धवा एवं केरू ब्लॉक की राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कार्यक्रम में शिरकत की।

पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है। महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही लखपति दीदी योजना के माध्यम से आने वाले समय में प्रदेश की महिलाएं सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक दृष्टि से मजबूत होंगी। इस पहल से महिलाओं के कौशल विकास के साथ ही उन्हें आजीविका के नवीन साधन उपलब्ध हो सकेंगे। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में देश की माताओं व बहिनों का बहुत बड़ा योगदान रहेगा।



# जयपुर में होगा एक वर्षीय शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन

**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** बनीपार्क कांति चंद्र रोड स्थित शांति जीवन में ओमकार सेवा संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट श्रीडूंगरपुर के तत्वावधान में 3 अक्टूबर गुरुवार से 2 अक्टूबर 2025 तक एक वर्षीय शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। संतोष सागर महाराज ने बताया कि 2 वर्ष से राजस्थान के सभी जिलों में भ्रमण कर भागवत गीता के बारे में जानकारी दी जा रही है। राजस्थान में अब तक 322 स्कूलों के विद्यार्थियों को भागवत कथा का पाठ करने का संकल्प दिलवाया है। राजस्थान में 400 से अधिक कथाएं कर चार लाख बच्चों एवं युवाओं को निशुल्क भागवत गीता भेंट कर चुके हैं। संतोष सागर महाराज ने बताया कि यज्ञ ही श्रेष्ठ कर्म है क्योंकि यज्ञ के द्वारा ही मनुष्य ब्रह्म साक्षात्कार की पालना प्राप्त कर सकता है और ब्रह्म साक्षात्कार ही तो मनुष्य जीवन का अंतिम ध्येय है। जयपुर में 3 अक्टूबर गुरुवार को जंगलेश्वर महादेव मंदिर से कांति चंद्र रोड स्थित कथा स्थल शांति जीवन तक हाथी, घोड़े एवं पालकी के शाही लवाजमा के साथ 11 सौ महिलाएं सिर पर कलश रखकर गंगा मैया के भजनों के साथ कलश यात्रा निकलेंगी।




## गौमाता बनेगी राष्ट्र माता : कुमावत

### गौशालाएं बनेंगी राज्य अर्थव्यवस्था की आधार

**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** मंगलवार को राजस्थान गो सेवा आयोग एवं अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गौशाला संचालकों के लिए दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जैविक वन औषधीय पादप केंद्र, टोंक रोड, जयपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत निदेशक गोपालन विभाग प्रहलाद नागा, डॉ. अतुल गुप्ता, डॉ. अनीता अग्रवाल व मोनिका गुप्ता ने किया।

**विज्ञापन व समाचार के लिए सम्पर्क करें**

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण में सी - स्कीम, श्याम नगर, सिविल लाईंस, वैशाली नगर, चित्रकूट, निर्माण नगर, अजमेर रोड वासी अपने क्षेत्र के समाचार वर्गीकृत विज्ञापन, सजावटी विज्ञापन तथा विज्ञापन बुकिंग काउंटर के लिए सम्पर्क करें।

**सुरेन्द्र मारवाल**
मारवाल पब्लिसिटी
मारवाल हाऊस, हवा सड़क,
सिविल लाइन्स, जयपुर-302006
मोबाइल : 93144-33020

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण हेतु राजापार्क एरिया के समाचार सकंलन एवं विज्ञापन बुकिंग के लिए सम्पर्क करें

**मौलिक एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
एस-28, सरदार भवन, वसुन्धरा कॉलोनी, बिग बाजार वाली गली, टोंक रोड,
जयपुर 302018
फोन : 2703404
मो. 9828164559
फैक्स नं. 0141-2707338

**चौमूं**
विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
**मनीष यादव**
**यादव एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
सांध्य ज्योति दर्पण
धोली मण्डी, तनिष्का आयुर्वेदिक के पास, चौमूं
मो. 9667902742

**अपने प्रियजनों की स्मृति में श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि, तीये की बैठक और शोक संदेश के विज्ञापन मय फोटो साइज 5|4 सेमी मात्र 500/- रु. में प्रकाशित करायें।**

# प्रदेशाध्यक्ष अजयवीर सिंह का सम्मान



**जयपुर, 2 अक्टूबर।** राजस्थान सरकार द्वारा वाहन चालकों की शैक्षिक योग्यता 10वीं करने व वाहन चालकों के रिक्त पदों पर नई भर्तियां करने की घोषणा के कैबिनेट में अनुमोदन पर राजस्थान स्टेट मोटर गैरेज जयपुर में अखिल राजस्थान राज्य वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजयवीर सिंह सहित प्रदेश संरक्षक ज्ञानचंद जांगिड़, सलाहकार समंदर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, महामंत्री नरेंद्र, संगठन मंत्री महिपाल, जिला अध्यक्ष विजय सिंह, गैरेज अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मीना सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजयवीर सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि वाहन चालकों की शैक्षिक योग्यता बढ़ाने तथा नई भर्तियो की संघ की लंबे समय से लंबित मांग थी। अजयवीर सिंह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर दातार सिंह, गुमान सिंह, रामबाबू, नरेश दहिया, पूरणमल, गुमान सिंह, कुलदीप सिंह, राजकुमार गुर्जर, भूपेंद्र सिंह, महावीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, शंकर जाट उपस्थित रहे।

# बुजुर्गों के सम्मानपूर्वक जीवन के लिए सभी को समन्वित प्रयास करने होंगे : रांका

**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 2 अक्टूबर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने कहा कि बुजुर्गों के सम्मानपूर्वक जीवन के लिए सभी को मिलकर समन्वित प्रयास करने होंगे। रिटायरमेंट लाइफ के बाद बुजुर्ग सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम रहें यह भी जरूरी होता है। उनके साथ भावनात्मक संबंध बने रहे और उम्र बढ़ने के साथ होने वाले रोगों के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए ताकि बीमारियों से जितना हो सके बचा जा सके। रांका अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित राज्यस्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 60 वर्ष से अधिक 11 प्रतिशत व्यक्ति है और बेहतर चिकित्सा सेवाओं से यह प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा की बुजुर्गों के जीवन को सुगम्य बनाने के लिए राज्य सरकार की योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक करने जी जरूरत है। कार्यक्रम में 39 वृद्धजनों एवं 8 स्वयं सेवी संगठनों को सम्मानित किया गया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक / सं.व.दू.उ.प.रे., जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **1 कार्य का नाम:** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के 13 समपार फाटकों पर मैकेनिकल लिफ्टिंग बैरियर को इलेक्ट्रिकल लिफ्टिंग बैरियर से बदलने का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रुपये 3,92,18,914/- **ई निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पता:** वरि. मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जौशी मार्ग जोधपुर **बयाना राशि (Bid Security):** रुपये 346100/- **ई निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समय:** 23.10.2024 को 11.00 बजे तक। तथा ई टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस 11.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। **वैबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें। एवं खरीद की जा सकें। : www.ireps.gov.in** नोटः- यह एक ई टेण्डर हैं इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैबसाईट पर टेण्डर डाले।

1132-AJ/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करे

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता (आदर्श नगर जोन), नगर निगम, हैरिटेज जयपुर**
(सेक्टर 4, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के पास, जवाहर नगर, जयपुर)

क्रमांक :- एफ-29/आ.न.जोन/ननिज-है./2024-25/290 दिनांक :- 27/09/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 34 से 40/2024-25 तक**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से अधिशाषी अभियन्ता आदर्श नगर जोन से सम्बन्धित विकास कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर हैरिटेज की वेबसाईट **www.jaipurmcheritage.org.com** व राजस्थान सरकार के पोर्टल **http://sppp.raj.nic.in** तथा **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी व डाउनलोड की जाकर पोर्टल **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है। जिसका यूबीएन नम्बर JMC2425WSOB00655, 00656, 00657, 00658, 00659, 00660, 00661 है।

**नोट : अवकाश घोषित होने पर कार्यालय खुलने की आगामी तारीख मानी जाये।**

अधिशाषी अभियन्ता (आदर्श नगर जोन)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

राज.संवाद/सी/24/5999

**Gram Panchayat Jajod Panchayat Samiti Laxmangarh ( Sikar)**

क्रमांक - 184 दिनांक - 01-10-2024

**Notice lnviting Bid**

Bids For Various **Civil Works** in **GRAM PANCHAYAT JAJOD** are invited from lnterested bidders Upto 08.10.2024 Time 06.00 P.M. Other Particulars of the BID May be Visited on the Procurement Portal (https://sppp.raj.nic.in or https ://eproc.rajasthan.gov.in) or the State.

**UBIN NO.PAT2425WSOB00208**

**EPROC ID - 2024_PRD_425123_1**

सरपंच, ग्राम पंचायत जाजोद, पं.स. लक्ष्मणगढ़ (सीकर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत जाजोद, पं.स. लक्ष्मणगढ़ (सीकर)

**Gram Panchayat Jajod Panchayat Samiti Laxmangarh ( Sikar)**

क्रमांक - 188 दिनांक - 01-10-2024

**Notice lnviting Bid**

Bids For Various **Civil Works** in **GRAM PANCHAYAT JAJOD** are invited from lnterested bidders Upto 08.10.2024 Time 06.00 P.M. Other Particulars of the BID May be Visited on the Procurement Portal (https://sppp.raj.nic.in or https ://eproc.rajasthan.gov.in) or the State.

**UBIN NO.PAT2425WSOB00193 to PAT2425WSOB00207**

सरपंच, ग्राम पंचायत जाजोद, पं.स. लक्ष्मणगढ़ (सीकर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत जाजोद, पं.स. लक्ष्मणगढ़ (सीकर)

**पाठकों को सलाह**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई भी व्यवहार करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच अवश्य कर लें, क्योंकि सांध्य ज्योति दर्पण विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार-पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD MERTA CITY (NAGAUR)**

Sr.No. :- MBM/2024-25/2602 Date :- 27/09/2024

**NOTICE INVITING BID**

1 Bids for 3 Event Management Work (cost 18.40 lacs) are invited from interested bidders up-to 1.00 PM (time) 04.10.2024 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (**http://sppp.raj.nic.in**) of the state.

**NIB No. : DLB2425A2937, UBN No.:DLB2425SSOB09199, 202 & 206**

Raj.Samwad/C/24/5943 अधिशाषी अधिकारी

**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड राजगढ, अलवर**

**E-Mail: eerajgarh.alw.pwd@rajasthan.gov.in**

क्रमांक: 1985 दिनांक: 26.09.2024

**निविदा सूचना संख्या 07/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वर्ष 2023-24 के निम्नलिखित भवन/सड़क निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए एवं ए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो एवं उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खण्ड राजगढ़ (अलवर) (ID : 5622) |
| निविदा में कार्यों की संख्या | **2 (58.52 लाख)** |
| कुल धरोहर राशि (रुपये में) | निविदादाता द्वारा दिनांक 31.12.2021 के पश्चात निविदा ऑनलाइन की जाती है तो निविदादाता द्वारा निविदा की अनुमानत लागत का 2 प्रतिशत राशि (सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों को नियमानुसार छूट राशि प्रदान की जावेगी।) लोक निर्माण कार्य जमा बजट मद 8443-00-108-00-00 के पक्ष में राजस्थान सरकार वित्त (जीएण्डटी) विभाग के आदेश क्रमांक एफ 6(5) वित्त/साविलेनि/2018 जयपुर दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ऑनलाइन ई-ग्रास के द्वारा एकल चालान से संबंधित अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. कार्यालय के पक्ष में जमा करनी होगी। निविदा शुल्क/आर.आई.एस.एल. फीस/लोक निर्माण कार्य जमा राशि केवल ऑनलाइन ई-ग्रास द्वारा एकल चालान से ही जमा की जायेगी। अलग-2 चालान द्वारा जमा राशि स्वीकार योग्य नहीं है। ई-ग्रास पर भुगतान होने उपरान्त चालान सी.आई.एन. के साथ जनरेट कर ईप्रोक साईट पर अपलोड करना होगा। कार्यालय में निविदा शुल्क राशि, लोक निर्माण कार्य जमा एवं आर.आई.एस.एल. फीस के लिए भौतिक रूप से कोई राशि/डी.डी. स्वीकार नहीं की जायेगी। |
| निविदा आवेदन अपलोड करने की तारीख | दिनांक 30.09.2024 प्रातः 09.30 बजे से दिनांक 10.10.2024 सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की तारीख | दिनांक 30.09.2024 प्रातः 09.30 बजे से दिनांक 10.10.2024 सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा की कुल लागत | 58.52 लाख |
| निविदा खोलने की तारीख | 14.10.2024 अपराह्न 3.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया (ऑनलाइन ई-ग्रास के माध्यम से) | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प 6(5)/वित्त/सा.नि.वि./2018 दिनांक 27.04.2020 के ई-ग्रास पर ऑनलाइन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क- 8658-00-102-(16)-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क- 0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि- 8443-00-108-00-00 दिनांक **10.10.2024** सायं 6.00 बजे तक |

**UBN No.:-** 1. PWD2425WSOB06536, 2. PWD2425WSOB06537

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट **www.dipronline.org** व विभाग की वेबसाइट **www.eproc.rajasthan.gov.in** एवं **www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है।

(ओ.पी. किराड़) अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. खण्ड राजगढ (अलवर)
Email id- pwd_raj@rediffmail.com
Mob.: 9414014968
Phone No.: 01464-294809

डीआईपीआर/सी/9271/2024

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम ने भरी हुंकार, लगातार दूसरे वॉर्म अप मैच में जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** विमंस टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत 3 अक्टूबर से होगी। इससे पहले वॉर्म अप मैच खेले जा रहे हैं। 10वें वॉर्मअप मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम को 28 रन से हराया। वॉर्म अप मैच में यह भारतीय महिलाओं की दूसरी जीत है। इससे पहले 29 सितंबर को खेले गए मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम को 20 रन से मात दी थी।




### भारत ने बनाए 144 रन

मुकाबले की बात करें तो साउथ अफ्रीका महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 144 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही और दूसरी ही गेंद पर शेफाली वर्मा बिना कोई रन बनाए पवेलियन लौट गईं। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 10 रन, स्मृति मंधाना ने 21 रन, जेमिमा रोड्रिग्स ने 30 रन, ऋचा घोष ने 36 रन और पूजा वस्त्राकर ने 2 रन बनाए। दीप्ति शर्मा 29 गेंदों पर 35 रन और अरुंधति रेड्डी 2 गेंदों पर 5 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 116 रन बनाए। तेज शुरुआत के बाद टीम टारगेट का पीछा नहीं कर पाई। तजमीन ब्रिट्स ने 22 रन, एनेके बॉश ने 3 रन, लौरा वोल्वार्ड्ट ने 29 रन, कप्तान सुने लुस ने 3 रन, नादिन डी क्लर्क ने 4 रन और क्लो ट्रायॉन ने 24 रन बनाए।

एनेरी डर्कसन ने 21 रन और सिनालो जाफ्ता ने 4 रन बनाए। भारत की आशा शोभना ने 2 विकेट चटकाए। दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, हरमनप्रीत और शेफाली वर्मा ने 1-1 विकेट चटकाया।

## मयंक अग्रवाल रणजी ट्रॉफी में करेंगे कर्नाटक टीम की कप्तानी



**बेंगलुरु।** लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को आगामी रणजी ट्रॉफी के लिए कर्नाटक टीम की कमान सौंपी गई है। पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे मयंक पहले दो दौर में मध्यप्रदेश और केरल के खिलाफ कर्नाटक की कप्तानी करेंगे। 11 अक्तूबर से इंदौर में होगा जबकि केरल और कर्नाटक के बीच मैच 18 अक्टूबर से बेंगलुरु में खेला जाएगा।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से अल नस्त्र ने चैंपियन्स लीग में अल रेयान को हराया

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नस्त्र ने एएफसी चैंपियन्स लीग एलीट ग्रुप चरण के मैच में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया। पांच बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो वायरल संक्रमण के कारण इराक के अल शोर्ता के खिलाफ दो हफ्ते पहले 1-1 से ड्रॉ रहे टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। सोमवार को उनका एक गोल ऑफ साइड हो गया लेकिन मैच खत्म होने से 14 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की।




लीवरपूल के पूर्व फारवर्ड सादियो माने ने मध्यांतर से ठीक पहले अल नस्त्र को बढ़त दिलाई जबकि रोनाल्डो ने टीम की बढ़त को 2-0 किया। मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले रोजर गुएडेस ने अल रेयान के लिए गोल दागा लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। अन्य मुकाबलों में सऊदी अरब के अल अहली ने यूएई के अल वासल को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि कतर के अल साद ने ईरान के एस्टेघलाल को इसी अंतर से हराया। ईरान के पर्सेपोलिस और उज्बेकिस्तान के पाख्ताकोर का मुकाबला 1-1 से बराबर रहा।

# भारत ने बांग्लादेश को 2-0 से हराया, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में अपनी स्थिति मजबूत की

**कानपुर।** ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत की बांग्लादेश पर अद्भुत विजय सिर्फ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप करने के लिए नहीं थी, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष स्थान मजबूत करने के लिए भी थी। वर्षा प्रभावित मुकाबले में जब भारतीय टीम को मौसम का साथ मिला तो उसने टेस्ट मुकाबले को टी-20 अंदाज में खेलते हुए ढाई दिन के खेल में ही जीत अपने नाम कर ली।




### 41 साल से नहीं हारी कोई टेस्ट

टेस्ट इतिहास में भारत ने अब तक की सबसे आक्रामक शैली में खेलते हुए ट्रॉफी अपने नाम करने के साथ ग्रीन पार्क पर 41 वर्षों से चले आ रहे जीत के रिकॉर्ड को कायम रखा। भारत की इस जीत में बने रिकार्ड और टीम की शैली के कई मायने हैं। जो डब्ल्यूटीसी में उनके लिए तुरुप का इक्का साबित होंगे। कानपुर में बांग्लोदश पर जीत हासिल करते ही भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में फिर शीर्ष पर काबिज हो गया।

### बारिश से प्रभावित रहा मैच

ग्रीन पार्क में भारतीय टीम ने पहले गेंदबाजी करते हुए वर्षा बाधित मुकाबले में बांग्लादेश को 233 रनों पर ऑल आउट कर दिया। इसके बाद टेस्ट में टी-20 अंदाज में खेलते हुए भारतीय टीम ने 34.4 ओवर में 285 रन बनाकर बांग्लादेश पर बढ़त हासिल कर पारी घोषित कर दी। मैच के निर्णायक दिन भारत ने मेहमान बांग्लादेश के आठ विकेट 120 रन पर गिराकर जीत के लिए मिले 95 रनों के लक्ष्य को तीन विकेट के नुकसान पर 17.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। दूसरी पारी में बांग्लादेश के छह बल्लेबाज दहाई के आकड़े तक नहीं पहुंच सके। जीत में जहां भारतीय बल्लेबाजों का बोलबाला रहा, वहीं गेंदबाजों ने बांग्लादेश को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

### दूसरी पारी में विराट और यशस्वी जमे

टेस्ट मैच की पहली पारी में 72 रन बनाने वाले यशस्वी दूसरी पारी में भी डटे रहे। जीत के लिए मिले 95 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को पहला झटका कप्तान रोहित (8) के रूप में लगा। रोहित आठ रन बनाकर मेहदी हसन का शिकार हुए। इसके बाद यशस्वी का साथ देने आए शुभमन गिल (6) रन पर मेहदी हसन की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए। 34 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद यशस्वी और विराट ने तेजी से खेलते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। यशस्वी ने 45 गेंदों में आठ चौके व एक छक्के की मदद से 51 रन बनाए।

हालांकि उनके आउट होने के बाद विराट (29) और रिषभ पंत (4) ने टीम को जीत दिलाई। इससे पहले चौथे दिन के दो विकेट पर 26 रन से आगे खेलने उतरी बांग्लादेश को दिन के तीसरे ओवर में ही अश्विन ने सबसे बड़ा झटका दिया। अश्विन ने (2) के निजी स्कोर पर हक को लेग स्लिप पर राहुल के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई।

### अश्विन ने की मुरलीधरन की बराबरी

टेस्ट सीरीज में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज और यशस्वी जायसवाल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अश्विन सीरीज में खेले गए दो मैच में 114 रन बनाने के साथ ही 11 विकेट चटकाए।

वहीं, यशस्वी ने ग्रीन पार्क टेस्ट की पहली पारी में 72 और दूसरी पारी में 51 रन बनाकर टीम को अहम मुकाबले में अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके साथ ही दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में दो और दूसरी पारी में तीन विकेट हासिल करने वाले अश्विन 11वीं बार सीरीज में मैन ऑफ द सीरीज बने।

कानपुर में अश्विन ने श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन की बराबरी कर ली। अश्विन ने इमरान खान, न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज सर रिचर्ड हेडली, आस्ट्रेलिया के स्पिनर शेन वार्न, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस को पीछे छोड़ दिया।

### 180 टेस्ट मैच जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा भारत

ग्रीन पार्क टेस्ट में भारत की जीत कई रिकॉर्ड की साक्षी रही। टेस्ट में टी-20 से भी तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने का रिकॉर्ड भारत ने पहली पारी में बनाया। वहीं, दूसरी पारी में जीत हासिल करने ही भारत विश्व क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने के मामले में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने 581 टेस्ट मैच में 180 में जीत और 178 में हार मिली।

# कई विश्व रिकॉर्ड का गवाह बना कानपुर टेस्ट मैच

**कानपुर।** बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया ने टेस्ट सीरीज क्लीन स्वीप की। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत नंबर 1 पर बरकरार है और उसकी स्थिति और मजबूत हो गई है। भारत पिछले 12 साल से घर में टेस्ट सीरीज नहीं हारा है और यह टीम की लगातार 18वीं सीरीज जीत है। कानपुर टेस्ट तीन दिन बारिश से प्रभावित रहा लेकिन यहां पानी के साथ रिकार्डों की भी बारिश हुई।

कानपुर टेस्ट का दूसरा और तीसरा दिन बारिश में धुलने के बाद ऐसा लग रहा था कि ये मैच ड्रॉ हो जाएगा लेकिन टीम इंडिया ने चौथे दिन कुछ ऐसा कारनामा किया जिसने पूरी दुनिया का ध्यान इस मुकाबले पर ला खींचा। टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया ने टी20 का अंदाज क्रिकेट फैंस को दिखाया और ड्रॉ होता दिख रहा मुकाबला एक तरफा अंदाज में अपने नाम किया और 7 विकेट से धमाकेदार जीत हासिल की है।



इस जीत के साथ ही भारत ने सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया है। अश्विन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया जबकि जायसवाल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मुकाबले में कई व्यक्तिगत और टीम रिकॉर्ड भी बने, चलिए एक नजर उन आंकड़ों पर डालते हैं। भारतीय टीम ने अपनी पारी के दौरान 50,100,150, 200 और 250 रन रिकॉर्ड तेज गति से बनाए। यानि टेस्ट क्रिकेट में कभी भी इतनी तेज गति से यह रन नहीं बने थे। भारतीय टीम का बल्लेबाजी रन रेट 8.2 था, जो किसी भी अन्य टेस्ट पारी में सर्वाधिक था। रोहित और यशस्वी ने 19 गेंदों में 50 रनों की पार्टनरशिप की, जो किसी भी रेड बॉल में सबसे तेज है। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपने विजयी आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब जीतकर श्रीलंका के ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कानपुर टेस्ट की पहली पारी में दो और दूसरी पारी में तीन विकेट लेने वाले अश्विन ने इस सीरीज में कुल 114 रन बनाये और 11 विकेट लिए जिसकी बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला जो उनके करियर में 11वीं बार था। मुरलीधरन ने भी अपने करियर में 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार हासिल किये थे। रविंद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट लेने और तीन हजार रन बनाने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने हैं। जडेजा से पहले कपिल देव और रविचंद्रन अश्विन यह कारनामा कर चुके हैं।

## अल्कारेज और सिनर के बीच खेला जाएगा चीन ओपन का खिताबी मुकाबला, मेदवेदव-युचाओकेते का सफर समाप्त



**बीजिंग।** स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और जानिक सिनर के बीच चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने सेमीफाइनल में चीन के बू युचाओकेते को मात दी, जबकि अल्कारेज ने रूस के डेनिल मेदवेदेव को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। सिनर ने पुरुष सिंगल्स वर्ग में युचाओकेते को 6-3, 7-6 से हराया। वहीं, अल्कारेज ने रूसी प्रतिद्वंद्वी को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। महिला वर्ग में पाउला बाडोसा ने यूएस ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली जेसिका पेगुला को 6-4, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती सेट में 1-3 से पिछड़ने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर दो खिलाड़ी बाडोसा ने वापसी करते हुए तीसरे नंबर की खिलाड़ी पेगुला को हराया। बाडोसा क्वार्टर फाइनल में चीन की 35 वर्षीय झांग शुआई से भिड़ेंगी जिन्होंने पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच को 6-4, 6-2 से हराया।

# बाबर ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ी, बोले- बोझ बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। टीम के दिग्गज बल्लेबाज बाबर आजम ने एक बार फिर सफेद गेंद प्रारूप की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने एक अक्टूबर की देर रात अपने एक्स हैंडल से टी20 और वनडे टीम की कप्तानी छोड़ने का एलान किया। इसके पीछे उन्होंने वर्कलोड का हवाला दिया। बाबर ने कप्तानी से इस्तीफा देते हुए लिखा- प्रिय प्रशंसकों, मैं आज आपके साथ कुछ समाचार साझा कर रहा हूं। मैंने पिछले महीने पीसीबी और टीम प्रबंधन को दी गई सूचना के अनुसार पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान के पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़ दूं और अपनी खेल भूमिका पर ध्यान केंद्रित करूं। कप्तानी एक पुरस्कृत अनुभव रहा है, लेकिन इसने काम का बोझ भी बढ़ा दिया है। मैं अपने प्रदर्शन को प्राथमिकता देना चाहता हूं, अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताना चाहता हूं, जिससे मुझे खुशी मिलती है। पद छोड़ने से मुझे आगे बढ़ने में स्पष्टता मिलेगी और मैं अपने खेल और व्यक्तिगत विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाऊंगा। मैं आपके अटूट समर्थन और मुझ पर विश्वास के लिए आभारी हूं। आपका उत्साह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैंने जो कुछ भी साथ मिलकर हासिल किया है, उस पर मुझे गर्व है और एक खिलाड़ी के रूप में टीम में योगदान देना जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।



## अर्थ ज्योति

# किसानों की छोटी-छोटी समस्याओं को सुलझाने से उनकी आय में 20 प्रतिशत वृद्धि संभव : शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों की छोटी-छोटी समस्याओं को सुलझाने से उनकी आय में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। चौहान ने 24 सितंबर को शुरू हुई अपनी 'सीधा संवाद' पहल के तहत भारतीय किसान संघ (स्वतंत्र) के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कृषि क्षेत्र को प्रभावित करने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की। किसानों की सेवा को भगवान की पूजा बताते हुए चौहान ने कहा, ये समस्याएं छोटी लग सकती हैं, लेकिन इनका समाधान करने से किसानों की आय में 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने कारखाने के दूषित पानी और जले हुए ट्रांसफार्मर को कम समय में बदलने पर चर्चा की। चर्चा के दौरान फसल की लागत कम करने, उचित मूल्य सुनिश्चित करने और जलभराव को रोकने पर भी बात हुई। इसके अलावा, कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग, स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव और पीएम फसल बीमा योजना जैसी सरकारी योजनाओं तक पहुंच पर चर्चा की गई। चौहान ने विभिन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए हर मंगलवार को किसानों और कृषि संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलने की प्रतिबद्धता जताई। संवाद पहल का उद्देश्य समस्या समाधान में तेजी लाने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए मंत्रालय और कृषक समुदायों के बीच सीधा संवाद कायम करना है।

# छोटी बचत योजनाओं पर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में समान रहेगी ब्याज दर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से अक्टूबर से दिसंबर की अवधि के लिए छोटी बचत योजनाओं जैसे पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं गया है। सरकार के इस फैसले के बाद छोटी बचत योजनाओं पर जुलाई से सितंबर की अवधि में मिल रही ब्याज दर ही जारी रहेगी।




वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही यानी 1 अक्टूबर, 2024 से लेकर 31 दिसंबर 2024 तक की अवधि के लिए सभी छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस दौरान वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (1 जुलाई, 2024 से 30 सितंबर, 2024) के लिए अधिसूचित की गई ब्याज दरें ही लागू रहेंगी। छोटी बचत योजनाओं में पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (एससीएसएस), सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई), नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी), पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट (पीओटीडी), महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट (एमएसएससी) किसान विकास पत्र (केवीपी) और पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम (पीओएमआईएस) को शामिल किया जाता है। छोटी बचत योजनाओं में सबसे अधिक 8.2 प्रतिशत का ब्याज सुकन्या समृद्धि योजना और सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम पर मिल रहा है। इसके बाद नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट पर 7.7 प्रतिशत, किसान विकास पत्र और महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट पर 7.5 प्रतिशत, मंथली इनकम स्कीम पर 7.4 प्रतिशत और पब्लिक प्रोविडेंट फंड पर 7.1 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा है। पोस्ट ऑफिस में बचत खाते पर 4 प्रतिशत, एक साल के टर्म डिपॉजिट पर 6.9 प्रतिशत, दो साल के टर्म डिपाजिट पर 7 प्रतिशत, तीन साल के टर्म डिपाजिट पर 7.1 प्रतिशत, पांच साल के टर्म डिपाजिट पर 7.5 प्रतिशत और पांच साल की आरडी पर 6.7 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा है।

## आईएमएफ दल श्रीलंका आएगा, ऋण समझौते पर श्रीलंका की नई सरकार के साथ करेगा चर्चा

**कोलंबो।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का उच्च स्तरीय दल बुधवार को श्रीलंका पहुंचेगा और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके नीत सरकार के साथ नवीनतम आर्थिक सुधारों पर चर्चा करेगा। आईएमएफ ने 24 सितंबर को कहा था कि वह श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके नीत नई सरकार के साथ बातचीत शुरू करेगा। साथ ही वह 48 महीने के कर्ज के तहत जारी आर्थिक सुधारों की तीसरी समीक्षा के समय पर चर्चा करेगा। पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे नीत सरकार जुलाई में राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा के समय 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर की तीसरी किस्त जारी करने के लिए आईएमएफ के साथ बातचीत कर रही थी। करीब 36 करोड़ अमरीकी डॉलर के वितरण की उम्मीद थी, जिसे आईएमएफ ने चुनाव के अंत तक रोक दिया था।

## प्लांटों में कच्चे दूध की आवक बढ़ी, एसएमपी में फिलहाल तेजी नहीं

**जयपुर।** उत्तर भारत के प्लांटों में कच्चे दूध की आपूर्ति पिछले तीन सप्ताह के दौरान 60 लाख लीटर से बढ़कर 85 लाख लीटर दैनिक हो गई है। इस बीच तमिलनाडु एवं कर्नाटक के फैडरेशन में स्किम्ड् मिल्क पाउडर यानी एसएमपी का स्टॉक कम रह गया है।



दूसरी ओर उत्तर भारत के प्लांटों में दूध पाउडर का प्रैशर नहीं है। अभी दशहरा एवं दिवाली की ग्राहकी सामने है। मावा एवं छैना की मिठाईयों के लिए काफी दूध पाउडर की जरूरत रहेगी। इसे देखते हुए एसएमपी की खपत के अनुसार डिमांड रहनी चाहिए। जयपुर सिविल लाइंस स्थित फर्म मोदी ब्रदर्श के अनुराग मोदी ने बताया कि उत्तर भारत की अधिकांश कंपनियां दूध एवं घी के भावों में तेजी बताकर मिल्क पाउडर में कृत्रिम तेजी लाने का प्रयास कर रही हैं। जयपुर मंडी में अमूल का मिल्क पाउडर 295 से 300 रुपए प्रति किलो तक बेचा जा रहा है। इसी प्रकार बंगाल टाइगर दूध पाउडर की कीमतें 300 रुपए प्रति किलो के आसपास चल रही हैं। मोदी ने कहा कि एसएमपी से भरपूर उत्तर भारत की डेयरियां मिल्क पाउडर का उत्पादन घाटे को पूरा करने के लिए तरल दूध की कीमतें बढ़ा रही हैं। जबकि दक्षिण भारत की डेयरियां अधिशेष दूध को एसएमपी में परिवर्तित करने से बचने के लिए तरल दूध की कीमतें कम कर रही हैं। ज्ञात हो एक किलो एसएमपी बनाने के लिए लगभग 10 लीटर दूध की जरूरत होती है। एसएमपी की कीमतों में भी इन दिनों मामूली गिरावट का रुख देखा जा रहा है।

# वर्कप्लेस स्ट्रेस का सेहत पर हो रहा है असर ?

### इन टिप्स से रखें अपना ख्याल



**वर्कप्लेस** स्ट्रेस लोगों की सेहत पर तेजी से असर डाल रहा है। इसकी वजह से न केवल मेंटल बल्कि फिजिकल हेल्थ भी प्रभावित हो रही है। एक्सपर्ट के बताए ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। स्ट्रेस न चाहते हुए भी हम सभी की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। घर-परिवार, ऑफिस, रिश्ते, फ्यूचर और भी न जाने किन-किन बातों को लेकर हम तनाव में रहते हैं। कई बार तो हम उन चीजों को लेकर भी स्ट्रेस लेते हैं, जिन पर हमारा कोई कंट्रोल ही नहीं है। खासकर, वर्कप्लेस स्ट्रेस आजकल लोगों की सेहत पर तेजी से असर डाल रहा है। काम के तनाव और दबाव का असर लोगों की हेल्थ पर हो रहा है। सोशल मीडिया पर भी इस तरह की कई खबरें सामने आ रही हैं। काम के प्रेशर के बीच, सेहत पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

### आप एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स की मदद लें।

वर्कप्लेस स्ट्रेस के चलते अक्सर लोग खान-पान पर ध्यान नहीं देते हैं। कई बार जल्दी में सुबह नाश्ता स्किप हो जाता है और दिन में भी खाने का वक्त नहीं मिलता है।

आपको बता दें कि डाइट सही न होने की वजह से भी स्ट्रेस और काम से डील करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, खाना-पीना बिल्कुल न छोड़ें। समय से खाना-पीना किसी भी काम से ज्यादा जरूरी है।

ऑफिस में अपने साथ फ्रूट्स और हेल्दी ड्रिंक्स को साथ रखें। इसे बीच-बीच में लेना आपको सेहतमंद रहने में मदद कर सकता है। खुद को समय देना भी बहुत अहम है।

कई बार लोग वर्कप्लेस पर काम के तनाव में रहते हैं और घर पर भी काम के प्रेशर को लेकर ही परेशान रहते हैं। इस वजह से अपने लिए समय नहीं निकाल पाते हैं और सेहत खराब होने लगती है।

काम के दबाव के चलते, कई बार स्ट्रेस लेवल इतना बढ़ जाता है कि नींद भी पूरी नहीं हो पाती है। नींद पूरी न होने के चलते भी स्ट्रेस लेवल बढ़ सकता है। इसलिए, 7-8 घंटे की नींद जरूर लें।

ऑफिस के काम को घर पर न करें। कभी-कभार ऐसा करना अलग बात है। लेकिन, अगर आप रोज ऐसा कर रहे हैं, तो इसका आपकी सेहत पर असर हो सकता है।

वर्कप्लेस स्ट्रेस से डील करने के लिए, काम और पर्सनल लाइफ में बैलेंस बहुत जरूरी है। रोजाना मेडिटेशन और योग को समय जरूर दें। इससे स्ट्रेस लेवल को मैनेज करने में मदद मिलती है। अगर आप ठीक महसूस नहीं कर रहे हैं, तो इस बारे में बिना झिझके किसी से बात करें।

# खाने से पहले और खाने के बाद

## इन चीजों का करें सेवन, लटकती तोंद हो जाएगी अंदर

**आज** के समय में हर व्यक्ति अपनी फिटनेस को लेकर काफी जागरुक है। भला लटकती हुई तोंद किसे अच्छी लगती है। ऐसे में हर व्यक्ति फ्लैट टमी पाने के लिए घंटों जिम में पसीना बहाता है, योग और मेडिटेशन का सहारा लेता है। लेकिन महिला हो या पुरुष बेली फैट से हर कोई परेशान रहता है, एक बार अगर बेली फैट हो जाए तो इसको कम करना बेहद मुश्किल हो जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि डाइट और एक्सरसाइज की सहायता से आप बेली फैट को कम कर सकते हैं। इसलिए आज इस के जरिए हम आपको ऐसी 2 चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका सेवन करने से बेली फैट खत्म हो जाएगा।

### एप्पल साइडर विनेगर

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक बेली फैट को कम करने में एप्पल साइडर विनेगर काफी फायदेमंद हो सकता है। खाना खाने से करीब 40-50 मिनट पहले एप्पल साइड विनेगर का सेवन करने से आपका बेली फैट धीरे-धीरे कम हो जाएगा।

### ऐसे करें सेवन

एक चम्मच एप्पल साइडर विनेगर को एक गिलास पानी में अच्छे से मिलाकर इसका सेवन करें। एप्पल साइडर विनेगर का सेवन करने से डाइजेशन में



*महिला हो या पुरुष बेली फैट से हर कोई परेशान रहता है, एक बार अगर बेली फैट हो जाए तो इसको कम करना बेहद मुश्किल हो जाता है। लेकिन बता दें, डाइट और एक्सरसाइज की सहायता से आप बेली फैट को कम कर सकते हैं।*

सुधार होता है और यह कैलोरी बर्न करने में मदद करता है। एप्पल साइडर विनेगर एसिडिक होता है, जिसकी वजह से आपका बेली फैट कम होता है और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है।

### दालचीनी की चाय

दालचीनी की चाय भी बेली फैट को कम करने में बेहद असरदार होती है। एक्सपर्ट के मुताबिक खाना खाने के करीब 1-2 घंटे बाद दालचीनी की चाय का सेवन करने से बेली फैट कम हो सकता है। दरअसल, इसमें एंटी ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है, जो शुगर लेवल को मैनेज करता है और मेटाबॉलिज्म में सुधार करता है। जिससे बेली फैट आसानी से कम हो सकता है।

आपको बता दें कि कुछ महिलाओं को PCOS के कारण बेली फैट निकल आता है। इन महिलाओं के लिए दालचीनी की चाय बेहद असरदार मानी जाती है। इस चाय को बनाने के लिए आधा इंच दालचीनी को 2 कप पानी में उबालकर चाय बना लें। फिर इस चाय को पिएं। कुछ ही दिनों में आपको इसका असर देखने को मिलेगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि डाइट और एक्सरसाइज की सहायता से आप बेली फैट को कम कर सकते हैं।

इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसी 2 चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका सेवन करने से बेली फैट खत्म हो जाएगा। आपको बता दें कि कुछ महिलाओं को [illegible] के कारण बेली फैट निकल आता है। इन महिलाओं के लिए दालचीनी की चाय बेहद असरदार मानी जाती है। इस चाय को बनाने के लिए आधा इंच दालचीनी को 2 कप पानी में उबालकर चाय बना लें। फिर इस चाय को पिएं। कुछ ही दिनों में आपको इसका असर देखने को मिलेगा।

# प्रेग्नेंसी में विटामिन-सी का सेवन क्यों जरूरी ?

**किसी** भी महिला के लिए प्रेग्नेंसी एक बेहद महत्वपूर्ण समय होता है। जच्चा और बच्चा की सुरक्षा के लिए सही खानपान, सही लाइफस्टाइल को फॉलो करना जरूरी होता है। इस दौरान शरीर को कई तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है जैसे आयरन, कैल्शियम, विटामिन डी, फोलेट... वहीं प्रेगनेंसी में विटामिन सी की बड़ी अहमियत है। यह एक एंटीऑक्सीडेंट है जो न सिर्फ मां के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि गर्भ में पल रहे बच्चे के विकास के लिए भी बेहद जरूरी होता है। प्रेगनेंसी में अक्सर महिलाओं को खून की कमी की शिकायत होती है, इसके कारण महिलाएं एनीमिया की शिकार हो जाती हैं। ऐसे में विटामिन सी का सेवन बहुत जरूरी है।



विटामिन सी आयरन के अवशोषण में मदद करता है, जिससे खून बढ़ाने में मदद मिलती है। विटामिन सी एक बेहद शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है जो इम्यूनिटी को मजबूत करता है। यह संक्रमण से बचाने में मदद करता है जिससे मां और बच्चे दोनों की सेहत बनी रहती है। इसके साथ ही विटामिन सी कॉलेजन के निर्माण में मदद करता है, ऐसे में ये गर्भ में पल रहे हैं शिशु के टिशु, त्वचा और अंगों के विकास में मददगार होता है। यह हड्डियों की वृद्धि में भी मददगार है, कुल मिलाकर यह भ्रूण के विकास में मददगार है। विटामिन सी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूजन को कम करने में मदद करते हैं। यह प्रेगनेंसी के दौरान होने वाली सूजन और दर्द को कम कर सकता है। इसके अलावा यह गर्भवती महिलाओं को फ्री रेडिकल से सुरक्षित रखने में मदद करता है। भ्रूण के सही विकास में एस्कॉर्बिक एसिड की बहुत जरूरत होती है।



# व्रत रखने के फायदे और नुकसान

## बीमारी के दौरान व्रत करें या ना करें?

**हिन्दू धर्म** में खास मौकों पर उपवास रखना सदियों से चला आ रहा है। जिसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। व्रत रखने से आत्मशुद्धि, आत्मानुशासन और आध्यात्मिक विकास होता है। लेकिन, क्या आपको पता है कि व्रत रखना शरीर के लिए फायदेमंद होता है या नुकसानदेह। सवाल यह भी है कि क्या बीमारी के दौरान व्रत रखना सही है। तो आइए जानते हैं इन तमाम सवालों के जवाब।

व्रत रखने के फायदे की हम बात करें तो यह शरीर और मन दोनों को लाभ पहुंचाता है। इससे आत्मा शुद्ध होती है और आध्यात्मिक विकास होता है। व्रत रखने से आप में अनुशासन बढ़ता है और इससे आपमें आत्म-विश्वास की वृद्धि होती है। शारीरिक लाभ की हम बात करें तो इससे शरीर की सफाई होती है, पाचनतंत्र बेहतर होता है, और वजन नियंत्रित रहता है। यह तनाव और चिंता को कम करने में भी मदद करता है। व्रत रखने के फायदे के साथ इसके कुछ नुकसान भी हैं। जिसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। सबसे पहला नुकसान यह है कि आपके शरीर में कमजोरी आ सकती है।





रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है, क्योंकि व्रत के दौरान शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। व्रत के दौरान, लोग अक्सर मीठा खाते हैं, इससे मधुमेह का खतरा बढ़ जाता है। विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो पहले से मधुमेह से पीड़ित हैं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी यह हानिकारक हो सकती है। इसलिए, जरूरी है कि व्रत के दौरान अपनी स्वास्थ्य स्थिति का ध्यान रखें। बीमारी के दौरान, अगर आप व्रत करते हैं तो यह खतरनाक साबित हो सकता है। शरीर में कमजोरी और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ सकती है। जो आपको अस्पताल के चक्कर लगवाने को मजबूर कर सकती है।

अगर आप स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से परेशान रहते हैं तो व्रत करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें। इसके साथ ही व्रत के दौरान, भूखे रहने की कोशिश ना करें। समय-समय पर ड्राई फ्रूट्स, फल लेते रहें। लेकिन, अगर आप मधुमेह से पीड़ित हैं तो ड्राइ फ्रूट्स लेने से बचें।



# अकेलापन शरीर पर डालता है नकारात्मक प्रभाव

**नौकरी** और घर के बीच इंसान ने खुद को इतना बांध लिया है कि उसके पास अपने लिए समय ही नहीं रहा है। बस घर से ऑफिस और फिर घर। इंसान तरक्की तो कर रहा है, लेकिन तरक्की के साथ ही वह अकेला भी होता जा रहा है। न दोस्त न ही कोई अपना, जिसके साथ वह अपनी बातों को शेयर कर सके। घर भी जाता है, तो सिर्फ एक रोज की दिनचर्या की वजह से, नहीं तो घर भी जाने का मन नही करता है। अगर आप भी इस तरह के रूटीन को फॉलो करते हैं, तो ठीक नहीं है। क्योंकि, अकेलापन मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और यह इंसानों के लिए ठीक नहीं है। अकेलापन में आप पर कई तरह के नकारात्मक प्रभाव होते हैं। इससे इंसान कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ सकता है। अकेलापन हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा चोट करता है। इसका असर सालों साल तक रहता है। इसके लक्षण क्या हैं और इसका उपाय कैसे कर सकते हैं। अकेलापन के दौरान इंसान में तनाव और चिंता बढ़ जाती है।

# बढ़ा हुआ रहता है ब्लड प्रेशर ?

## पानी में मिलाकर पिएं ये चीजें







**आजकल** बीपी और शुगर की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। युवाओं में भी इसके काफी मामले सामने आ रहे हैं। हाई बीपी और लो बीपी दोनों की खतरनाक होते हैं। हाई बीपी को मेडिकल भाषा में हाइपरटेंशन भी कहा जाता है। इसकी वजह से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बीपी का कंट्रोल में रहना बहुत जरूरी है। शुरुआत में कई बार हाई बीपी के कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं। ऐसे में इसे पहचानना मुश्किल हो जाता है। स्वस्थ वयस्कों में बीपी का लेवल 120/80 mmHg होना चाहिए। वहीं, अगर किसी व्यक्ति का बीपी 150/90 mmHg से ज्यादा है, तो इसे हाई बीपी माना जाता है। बीपी बढ़ने पर सिरदर्द, दिल की धड़कन तेज होना, चक्कर आना और बेहोशी समेत कई लक्षण नजर आ सकते हैं। अगर आपका ब्लड प्रेशर भी बढ़ा हुआ रहता है, तो पानी में कुछ खास चीजों को मिलाकर पीने से बीपी कंट्रोल हो सकता है। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।

### हाई ब्लड प्रेशर में फायदेमंद है यह ड्रिंक

धनिये के पत्तों में विटामिन-के होता है। यह ब्लड वेसल्स को हेल्दी रखने में मदद करता है।

धनिये के पत्तों में पोटैशियम, कैल्शियम, मैंगनीज और अन्य कई जरूरी न्यूट्रिएंस होते हैं, जो बीपी कंट्रोल करते हैं।

ये ड्यूरेटिक की तरह काम करते हैं और शरीर से ज्यादा सोडियम बाहर निकालते हैं, जिससे बीपी कम होता है।

अदरक ब्लड सर्कुलेशन को सुधारता है और बीपी को कम करने में मदद करता है।

अदरक में एलीसीन और कई एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। ये ब्लड सर्कुलेशन को सही रखते हैं और बीपी को कंट्रोल करते हैं।

चुकंदर में नाइट्रिक ऑक्साइड होता है। यह ब्लड वेसल्स को रिलैक्स करता है। ब्लड वेसल्स रिलैक्स होती हैं, तो इससे बीपी कम होता है।

इस जूस के रोजाना सेवन से बीपी कंट्रोल में रहता है और कोलेस्ट्रॉल भी कम होता है।

हल्दी में कर्क्युमिन होता है। यह शरीर में मौजूद इंफ्लेमेशन को कम करता है। यह ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद करती है और ब्लड फ्लो को सही बनाए रखती है। दालचीनी, ब्लड वेसेल्स को फैलाती है और आराम देती है। इससे ब्लड प्रेशर कम होता है।

### बीपी कंट्रोल करने में मदद करता है यह जूस

#### सामग्री

चुकंदर- 1
अदरक- आधा इंच
हल्दी पाउडर- 1 चुटकी
दालचीनी पाउडर- 1 चुटकी
धनिया पत्ते- मुट्ठी भर
पानी- 200 मि.ली.

#### विधि

चुकंदर को अच्छे से धोकर छील लें।

अदरक और चुकंदर को बारीक काट लें।

अब सभी चीजों को पानी में मिलाकर ब्लेंड कर लें।

अब इसे छान लें।

इसे दिन में एक बार पिएं।



# बदलते मौसम में बीमार होने से बचने के लिए फॉलो करें ये बातें

मौसम में बदलाव के कारण सेहत पर अच्छा खास असर पड़ता है, लोग बीमार पड़ने लगते हैं, ऐसे में आप इन टिप्स को अपनाकर सेहत को बनाए रख सकते हैं। कुछ बदले या ना बदले, मौसम तो हर कुछ 4 महीने बाद जरूर बदलता है। और बदलता मौसम हम सभी के स्वास्थ्य पर गहरा असर छोड़ता है। बारिश के बाद अब मौसम धीरे-धीरे ठंडा होने लगा है और कुछ दिनों में ठंड भी दस्तक दे देगी। तापमान में उतार चढ़ाव के दौरान अगर आप भी चाहते हैं कि आप बीमार ना पड़े और आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत रहे तो इन बातों का खास ध्यान रखें। सबसे जरूरी है संतुलित आहार का सेवन करना। अपनी डाइट में हरी सब्जियां, फल, एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ जरूर शामिल करें। इससे आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत बनती है। जैसे-जैसे मौसम बदलता है हमारी दिनचर्या भी प्रभावित होती है। इससे सीजनल इफेक्टिव डिसऑर्डर जैसी समस्या होती है। मूड पर भी असर होता है, चिड़चिड़ापन जैसी दिक्कत आने लगती है। इसे कम करने के लिए आप एक्सरसाइज जरूर करें, मेडिटेशन और योग का सहारा लें। जैसे ही सर्दी दस्तक देती है प्यास लगनी काफी कम हो जाती है।

## दौसा में गांधी जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

सांध्य ज्योति न्यूज

**दौसा।** शहर से जिले में आज महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री को याद किया जा रहा है। गुरुवार को प्रातः खादी बाग द्वारा गांधी जयंती पर प्रभात फेरी निकाली गई वहीं दूसरी ओर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्याम सुन्दर शर्मा ने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह के तहत गांधी तिराहा दौसा समाज कल्याण सप्ताह के तहत को गांधी तिराहा पर प्रातः 7.30 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की लाल बहादुर शास्त्री कोई याद किया उनके चित्र पर माला पहनकर उनकी बातों को याद किया गया जिला कलेक्टर देवेंद्र यादव एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा समाज कल्याण सप्ताह 2024 के तहत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के में वृद्धजन के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वृद्धजन को शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।


**सांध्य ज्योति दर्पण के संस्करण कार्यालय**

**अलवर कार्यालय**
केडलगंज, अलवर,
संपादक सीपी सैनी
फोन : 2335105,

**नागौर कार्यालय**
राजकीय अस्पताल के सामने, नागौर
सम्पादक : रमेश जैन,
फोन : 240071,
फैक्स- 01582-240071

**भरतपुर कार्यालय**
कोतवाली रोड, भरतपुर
संपादक : जगदीश अग्रवाल,
फोन : 223780

**सूचना**

जयपुर के आसपास के क्षेत्र में समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए एजेंट/ एजेंसी संपर्क करें।
**पदमाकर शर्मा**
**मो.** 9462779250, 8875007955

आपके क्षेत्र की समस्या या कोई घटना जिससे जनता प्रभावित हो रही हो ऐसे समाचार आप छपवाना चाहते हैं तो निम्न पते पर भिजवायें या फैक्स, ईमेल करें।
**सम्पादकीय शाखा**
दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण
डी.एल.टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम,
संस्थानिक क्षेत्र,
जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
फोन: 2709102/03,
फैक्स: 2709275
**ईमेल:** sjdjp01@yahoo.co.in
Jyoti.sandhya@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

*आप अपने क्षेत्र के समाचार / विज्ञापन के लिए हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि से सम्पर्क करें :*

**जयपुर**
**अमित पारीक**
10/75, चित्रकूट,
वैशाली नगर, जयपुर
मो.- 9829055693

**उदयपुर**
**कलाधर शर्मा**
मो. : 9983826983

**दौसा**
**द्वारका प्रसाद विजय**
मो.: 9414819681

**कोटा**
**योगेन्द्र योगी**
मो. : 9887292174

**चौमूं**
**मनीष यादव**
मो. : 9667902742,
7014880612

**रींगस/ खाटूश्यामजी**
**विद्याधर शर्मा**
मो. : 9413072455

**कोटपुतली**
**मयंक शर्मा**
मो. : 9352106400

**लक्ष्मणगढ़**
**पूनम विशाल**
मो. : 9351274354

**मण्डावर (दौसा)**
**राहुल जोशी**
मो. : 8561935868

**चाकसू**
**रूपनारायण सांवरिया**
मो. : 6376888905

**धौलपुर**
**वेदप्रकाश त्यागी**
मो. : 9351845611


# जीण माताजी का नौ दिवसीय मेला कल से

## जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने ली बैठक, मेला स्थल का लिया जायजा





सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी/जीण माताजी।** सीकर के ऐतिहासिक जीण माता मंदिर में नवरात्रा मेला 3 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर की जीण वाटिका में बैठक हुई। बैठक में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की। इस बैठक के दौरान कई आवश्यक निर्देश भी दिए गए। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो, इस पर भी चर्चा की गई। मेले में पशु बलि पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। इसके अलावा शराब पर भी पाबंदी रहेगी। कलेक्टर ने मेला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। दांतारामगढ़ एसडीएम दिव्या चौधरी ने ने कहा कि श्रद्धालुओं के सुविधार्थ तय की गई जिम्मेदारियों को विभाग गंभीरता से लें। मेले के दौरान डीजे व पॉलीथीन, शराब व पशुबली पर स्थाई रूप से जारी प्रतिबंधों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए गए।

पुलिस उपाधीक्षक जाकिर अख्तर ने बताया कि पूरे मेले में पुलिस कर्मियों का जाप्ता तैनात किया जाएगा। जीणमाता थाना अधिकारी मनोज कुमार ने मेले के दौरान सुरक्षा बिन्दुओं की जानकारी दी। चिकित्सा विभाग मेले में चार स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाया जिनमें सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध रहेगी।

सरपंच सुभाष शेषमा ने बताया कि वाहन पार्किंग, सफाई, रोशनी, पेयजल आदि पंचायत से संबंधित व्यवस्थाए तय समय पर पूरी हो जाएंगी। पानी के लिए ग्राम पंचायत व पेयजल विभाग टैंकरों की व्यवस्था करेंगे। बैठक के बाद अधिकारियों ने मेला स्थल का जायजा लिया। इस दौरान विभिन्न विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्कूल बस चालक के साथ मारपीट व तोड़फोड़ का चौथा आरोपी गिरफ्तार



सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** स्थानीय थाना अंतर्गत मंडा ग्राम में स्कूल बस चालक के साथ मारपीट करने बस में तोड़फोड़ करने के मामले को लेकर पुलिस ने चौथे आरोपी सुवेत उर्फ सोनू उर्फ मोनू पुत्र सांवरमल जाट निवासी गणेशपुरा को गिरफ्तार किया गया है।हैड कांस्टेबल हरि सिंह ने बताया कि सीएलसी सीकर के बस चालक मनोज कुमार सैनी ने मामला दर्ज करवाया कि मंडा ग्राम के पास सात आठ बदमाशों द्वारा मारपीट की और बस में तोड़फोड़ कर विद्यार्थियों के साथ मारपीट की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

## 10 मीटर पिस्टल शूटिंग में जीविका ने रचा इतिहास

सांध्य ज्योति न्यूज



**रींगस।** कस्बे के टैगोर शिक्षण संस्थान की ईकाई एक्सीलेंस इंग्लिश एकेडमी की पांचवी कक्षा की छात्रा जीविका जाट ने सीकर जिले का प्रतिनिधित्व कर माउंट आबू में इंटर स्टेट प्रतियोगिता में 10 मीटर पिस्टल शूटिंग में भाग लेकर प्रतियोगिता में तीसरी रैंक हासिल कर अपनी स्कूल, माता-पिता और समाज सहित कस्बे का नाम रोशन किया। संस्था के चेयरमैन प्रदीप शर्मा ने बधाई दी। विद्यालय के सचिव आरती प्रबल शर्मा ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे आने के लिए प्रेरित किया।

## रींगस में 11 दिवसीय रामलीला का होगा मंचन



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** कस्बे के आजाद चौक रामलीला मैदान में हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित 11 दिवसीय रामलीला का मंचन आज रात्रि 8:00 बजे से विधिवत उद्घाटन के साथ शुरू होगी।करीब दो दर्जन से भी ज्यादा स्थानीय और बाहरी कलाकारों ने अपने-अपने किरदार की तैयारियां की है। श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति के अध्यक्ष हरिप्रसाद बलोदा ने बताया कि 11 दिवसीय रामलीला मंचन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी मेहनत से तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। सभी धार्मिक प्रेमी रामलीला मंचन का आनंद उठाएं।

## कांग्रेसियों ने दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



सांध्य ज्योति न्यूज

**गंगापुर सिटी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा के जन्मदिवस के अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों द्वारा प्रदेश में अतिवृष्टि, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिला अत्याचार, बेरोजगारी, बदहाल स्वास्थ्य सेवाऐं, बिजली-पानी के संकट, अवैध खनन, एवं माफिया राज के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जिला गंगापुर सिटी में राज्य में विगत दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण समस्त किसानों के खेतों में पानी भरने के कारण फसलें खराब हो चुकी हैं, तिल, बाजरा, मूंगफली व सब्जियों की फसल बिल्कुल क्षतिग्रस्त होकर नष्ट हो चुकी है। किसानों की खराब हुई फसलों की गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा दिलाया जाए।

# मीटर रीडिंग लेने गए विद्युतकर्मी से मारपीट कर सरकारी रिकॉर्ड फाड़ा

## विरोध में उतरे विद्युत कर्मचारी, मामला दर्ज



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** विद्युत विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय में कार्यरत विद्युत कर्मचारी से एक युवक द्वारा मीटर रीडिंग लेने के दौरान मारपीट कर सरकारी रिकॉर्ड फाड़ने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी विरोध में उतरे और रींगस पुलिस थाने पहुंच कर कार्यवाही की मांग की। पीड़ित लाइनमैन महिपाल जाट ने बताया कि वह मासिक रीडिंग शेड्यूल के अनुसार गढ़ के पीछे स्थित बलाईयों के मोहल्ले में रीडिंग लेने गया हुआ था इसी दौरान राकेश पुत्र रतन लाल राणा ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए, इसी के साथ रीडिंग लेने के सरकारी दस्तावेज भी छीन कर फाड़ दिए। युवक के घर का कुछ दिनों पहले बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया था जिस कारण वह पहले से ही आक्रोशित था। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप सिंह झाला ने बताया कि निगम के कर्मचारी के साथ मीटर रीडिंग लेने के दौरान युवक ने मारपीट की और सरकारी रिकॉर्ड छीन कर फाड़ दिया जिसके विरोध में पुलिस थाने पहुंचकर विरोध जताया गया। पुलिस से मांग की गई कि युवक को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर पुलिस कार्रवाई की जाए अन्यथा प्रदेश भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं निगम के कनिष्ठ अभियंता सोमेंद्र चौधरी द्वारा पुलिस थाने में युवक के खिलाफ राजकार्य के दौरान कर्मचारी से मारपीट करने और सरकारी दस्तावेज फाड़ने का मामला दर्ज करवाया गया।पुलिस थाने में विरोध प्रदर्शन के दौरान सहायक अभियंता राकेश महला, इंजिनियर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, एआरओ देवेन्द्र कोटिया, शंकर लाल बलौदा, महेंद्र सिंह शेखावत, विक्रम कुम्हार, गोकलेंद्र कुमावत, मोहन लाल शर्मा, करण सिंह जाट, राकेश बाजिया, महेंद्र मीणा, कैलाश खटीक, गिरधारी बधाला, मुकेश बिजारणियां, श्रवण कुमावत, सुरेश बिजारणियां, कुमार कश्यप पारीक, रामकरण योगी, महेंद्र कुमार, सुभाष वर्मा सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## भक्त सिरोमणी आलू सिंह महाराज का सजा दरबार

सांध्य ज्योति न्यूज



**खाटूश्यामजी।** कस्बे में बाबा श्याम की महिमा को देशभर में फैलाने वाले भक्त सिरोमणी आलूसिंह महाराज की 35वीं पुण्यतिथि आज मनाई जा रही है। मोहन दास महाराज ने बताया कि श्री श्याम बगीची में भक्त सिरोमणी आलू सिंह महाराज के दरबार को आकर्षक रूप से सजाया गया है वहीं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें एक बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। पुण्यतिथि पर श्याम बगीची में विशाल भंडारे का आयोजन हो रहा है। देश के कोने-कोने से आलू सिंह महाराज के भक्त उनके इस स्मरणीय दिन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर आशीर्वाद लें रहे हैं।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का 61वां जन्मदिन मनाया





सांध्य ज्योति न्यूज

**लक्ष्मणगढ़।** पीसीसी चीफ व लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा के 61वें जन्मदिन पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने फल वितरित कर उनका जन्मदिन मनाया ओर डोटासरा की लम्बी आयु की कामना की। लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति प्रधान मदन सेवदा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के 61वें जन्मदिन पर लक्ष्मणगढ़ के जिला अस्पताल में फल वितरित किए और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा की लंबी आयु की कामना की इस मौके पर लक्ष्मणगढ़ जिला अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर अटल भास्कर, युवा कांग्रेस नेता संजीव भानुका, युवा मनोज सैनी, दिनेश कस्वा और पवन सैनी, सतेन्द्र ढूकिया, यश चौधरी, अंशु चौधरी, संदीप महरिया, अन्नु ढाका, सचिन ढूकिया, मोहित बाटड़, भरत खीचड़, मोहित कुल्हरी, संजय सैनी, गणेश बडगुजर, मनीष, सोनू व सुभाष सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे इस मौके पर लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति प्रधान मदन सेवदा ने कहा कि पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के 61 वे जन्मदिन पर अनेक आयोजन किये गये जिसमें गौशाला में हरा चारा खिलाया व अस्पताल और कच्ची बस्तियों में फल वितरित किए गए।

## सवाईमाधोपुर में समाज सेवा कर मनाया डोटासरा का जन्मदिन

सांध्य ज्योति न्यूज



**सवाई माधोपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिन पर सवाई माधोपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने समाज सेवा कर जन्मदिन मनाया। डोटासरा के जन्मदिन पर सवाई माधोपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता डॉ. सुमित गर्ग एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राधा गोविंद गौशाला में गौ सेवा की एवं गोवंश को चारा खिलाया इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने हॉस्पिटल में मरीजों को फल वितरण किया। इस अवसर जिला कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गुन्जन जैन एडवोकेट, जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमलेश गुर्जर एडवोकेट, जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर के अध्यक्ष रामराज चौधरी, विधि प्रकोष्ठ संयोजक गिर्राज यादव एडवोकेट, महावीर चौधरी, राजेंद्र मंगल, रामजीलाल, बलराम सैनी एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाबा गुसांई नाथ का वार्षिक महोत्सव कल

सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गनोड़ा में बाबा गुंसाई नाथ का 63वां वार्षिक महोत्सव कल धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान महंत चंद्र नाथ महाराज ने बताया कि धाम पर पाठ पूजन, कलश स्थापना, भोग, भंडारा व महाआरती की जाएगी। ज्योति शर्मा एंड पार्टी द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## तहसील प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

सांध्य ज्योति न्यूज



**गंगापुर सिटी।** पटवार मण्डल चूली में हो रहे अतिक्रमण को तहसील प्रशासन ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए हटवाया। तहसीलदार सुधा रानी मीना ने बताया कि चूली में खसरा नम्बर 79 रकबा 0.03, खसरा नम्बर 82 रकबा 0.36 पर हो रहे अतिक्रमण को नापकर सीमा ज्ञान कराने के बाद जेसीबी की सहायता से हटाया गया। इस दौरान पुलिस जाप्ता भी मौजूद रहा।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर 100 वर्ष पूर्ण करने वाले मतदाता सम्मानित



सांध्य ज्योति न्यूज

**लक्ष्मणगढ।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को निर्वाचन विभाग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ के समस्त मतदान केंद्रो पर जहां शतायु 100 वर्ष पूर्ण करने वाले मतदाताओं को सम्मानित किए जाने का कार्यक्रम रखा गया। उपखंड अधिकारी लक्ष्मणगढ़ मोहर सिंह मीना के निर्देशानुसार ग्राम सनवाली के भाग संख्या 141 में नायब तहसीलदार भवानी शंकर शर्मा ने उपस्थित होकर शतायु 100 वर्ष पूर्ण करने वाले मतदाताओं यथा तीजू देवी पत्नी कुलडा राम उम्र 102 वर्ष और मणि देवी पत्नी गिगराज उम्र 102 वर्ष को माल्यार्पण प्रशस्ति पत्र और सोल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच बनवारी लाल, उपखंड कार्यालय का निर्वाचन स्टाफ कुलदीप दुर्गावत अध्यापक, महिपाल सहायक प्रोग्रामर, राजेंद्र सिंह अध्यापक, उर्मिला कुमारी शर्मा पटवारी एवं बूथ लेवल अधिकारी अरविंद कुमार शर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## गौ सेवा कर मनाया डोटासरा का जन्मदिन



सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटा।** कोटा पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्म दिवस को गौ सेवा कर सादगी से मनाया। प्रहलाद गुंजल किशोरपुरा गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुंजल ने कहा कि राजस्थान में पहली बार किसी बड़े नेता का जन्मदिन इस रूप में मनाया जा रहा है। जब उन्होंने स्वयं ने कहा कि कार्यकर्ता बंधुओं कोई उत्सव नहीं, कोई सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं, गायों को चार, रक्त का दान भी बाद में पहले राजस्थान किस हाल में जी रहा है, कानून व्यवस्था की स्थिति क्या है, महिला अत्याचार किस कदर बढ़ते जा रहे हैं, अतिवृष्टि से पीड़ित किसान न्याय और इंसाफ की बाट जो रहा है। राजस्थान में इन भयावह हालातो पर कांग्रेस पार्टी का जिला संगठन पूरे राजस्थान में आजजन की समस्याओं के समाधान को लेकर राज्य सरकार की नींद तोड़ो और जनता के बीच में जनता की तकलीफ रखो, सरकार को आगाह करके सावधान करो। सरकार की नींद टूटे इसलिए पूरे राजस्थान में राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिए जाएं।

## पहले प्याज पर और अब लहसुन पर किया चोरों ने हाथ साफ



सांध्य ज्योति न्यूज

**दौसा।** जैसे-जैसे सब्जियों के दाम बढ़ते जा रहे हैं वैसे ही चोरों के हौसले भी बुलंद होते जा रहे हैं तो वहीं वाइपर के हौसले फर्स्ट होते जा रहे हैं दोसा की कृषि मंडी में स्थित सब्जी की आदत की दुकान पर पिछले 10 दिनों में चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाया है । जिनमें 100 किलो प्याज व ढाई सौ किलो लहसुन पर चोरों ने हाथ साफ किया है। मंडी में लगातार हो रही हो रही चोरी से व्यापारी आक्रोशित है और अब आंदोलन के लिए रणनीति बनाई जा रही है।

## पुलिस क्रिकेट लीग टी-20 टूर्नामेंट का शानदार आगाज



सांध्य ज्योति न्यूज

**दौसा।** दौसा पुलिस लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन 2 अक्टूबर को सुबह 12बजे पायलट स्टेडियम में होगा। मुख्य अतिथि खेल मंत्री। राज्य गृहमंत्री एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि डीपीएल में जिले के 32 थानों-चौकियों की टीमें खेलेंगी। जिनके लीग मैच ग्रुप वाईज निर्धारित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य पुलिस व आमजन में परस्पर सहभागिता एवं विश्वास को बढावा देना है। किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय तकनीकी समिति का होगा।

## शतायु मतदाताओं का घर-घर जाकर किया सम्मान



सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन मतदाता दिवस पर शतायु मतदाताओं का घर-घर जाकर सम्मान किया गया। इस दौरान श्रीमाधोपुर निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम अनिल कुमार, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जगदीश प्रसाद, निर्वाचन शाखा के बिजेंद्र सिंह कुड़ी एवं रतनलाल सैनी द्वारा 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर में घर-घर जाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर के सर्वाधिक आयु के मतदाता भंवर कंवर 112 वर्ष जोरावर नगर, तीज कंवर आयु 112 वर्ष मूंडरू, रामचंद्र जाट 107 वर्ष एवं 107 वर्षीय शरबती देवी निवासी श्रीमाधोपुर को श्रीफल, सम्मान पत्र व माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर संबंधित बीएलओ एवं संबंधित सुपरवाइजर व नागरिक मौजूद रहे।

## बाल कलाकारों ने दादा- दादी, नाना-नानी के प्रति प्यार जताया





सांध्य ज्योति न्यूज

**लक्ष्मणगढ़।** नगर की श्रीऋषिकुल विद्यापीठ स्कूल की मोंटेसरी इकाई में दादा-दादी व नाना नानी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में रामस्वरूप सोमानी व उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी सोमानी व संतोष काबरा ने दीप प्रज्वलित कर की। जिसमें छोटे बाल कलाकारों ने कविता के माध्यम से अपने दादा-दादी व नाना नानी के प्रति प्यार जताया। सभी बच्चों के दादा-दादी व नाना नानी इस कार्यक्रम में खुशी जाहिर करते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हुए। सभी बच्चों के दादा-दादी व नाना नानी ने बच्चों के साथ नृत्य की प्रस्तुति भी दी। ऋषिकुल विद्यापीठ के प्राचार्य डॉ रेखा शर्मा ने दादा दादी वह नाना नानी का जीवन में महत्व बताया। मोन्टेशरी विभाग अध्यक्ष संजना शर्मा ने कविता के माध्यम से आए हुए अतिथियों व दादा दादी व नाना नानी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रमा शर्मा व खुशबू शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बबिता शर्मा, डिंपल शर्मा, मीनाक्षी पारीक, जया काछवाल, नेहा चेजारा, गरिमा पारीक तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पधारे हुए दादा-दादी को श्रीमद् भागवत गीता उपहार स्वरूप भेंट की गई।

## ई-मित्र कियोस्क पर निरीक्षण में मिली अनियमितता, पांच हजार रुपए का लगाया जुर्माना

सांध्य ज्योति न्यूज



**श्रीमाधोपुर।** मूंडरू में श्रीमाधोपुर उपखंड अधिकारी ने मंगलवार को ई-मित्र कियोस्क का निरीक्षण किया। एसडीएम अनिल कुमार ने बताया कि दक्ष ई- मित्र कियोस्क मूंडरू का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ई-मित्र पर कई अनियमितताएं पाई गई। ई-मित्र संचालक द्वारा कियोस्क पर रेट लिस्ट चस्पा नहीं पाई गई व सर्विस प्रदाय रजिस्टर का संधारण नहीं पाया गया तथा निर्धारित शुल्क से ज्यादा राशि वसूलते पाया गया। जिस पर ई मित्र कियोस्क पर 5 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया।

## भील बस्ती को उजाड़ने पर दुखी नंदिनी ने खाया जहरीला पदार्थ

सांध्य ज्योति न्यूज



**कोटा।** वन विभाग के नयागांव में 60 से 70 भील परिवारों की बस्ती को उजाड़ने व लोगों से मारपीट करने की कार्रवाई से दुखी व बेघर होने के बाद 18 वर्षीय नंदिनी के जहरीला पदार्थ खाने के बाद अस्पताल में भर्ती होने की सूचना पर कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे व घटना की जानकारी ली। इस दौरान गुंजल ने कहा कि इस सरकार ने प्रशासनिक मशीनरी को लोगों पर जुल्म करने के लिए खुला छोड़ दिया जाओ लूटो, खसोटो, मारो, एक दलित परिवार की बच्ची इस प्रशासनिक मशीनरी वन विभाग की, पुलिस की प्रताड़ना से पीड़ित होकर जहर खाने को मजबूर हो जाए तो मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

## मुनि प्रज्ञा सागर महाराज को श्रीफल भेंट करने पहुंचा जैन समाज चाकसू का शिष्टमंडल



सांध्य ज्योति न्यूज

**चाकसू।** सकल दिगंबर जैन समाज चाकसू के सदस्यों द्वारा परम पूज्य गुरुदेव आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज के श्री चरणों में 25 दिसंबर के मस्तकाभिषेक महोत्सव एवं आगामी चातुर्मास 2025 हेतु श्री फल भेंट करने झालरापाटन पहुंचा। यहां जैन समाज के प्रतिनिधियों ने मुनि प्रज्ञा सागर महाराज के श्री चरणों आग्रह पूर्वक विनम्र अनुरोध करते हुए श्रीफल भेंट किया।

## जागरण मंच की बैठक

सांध्य ज्योति न्यूज

**गंगापुर सिटी।** मंगलवार को प्रात 9.00 बजे से गंगापुर सिटी पंचायत समिति राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर निसक्त जन जागरण मंच के तत्वावधान से एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला उपाध्यक्ष अमजद खान व तहसील अध्यक्ष जगदीश वेरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि मीटिंग में निसक्त जनो के नई स्कूटी योजना के फॉर्म तैयार करवाए गए अन्य सरकारी योजनाओं पालनहार, पेंशन, रेलवे व रोडवेज पास आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आदि योजनाओं के फॉर्म तैयार करवाए गए।

